भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1137

उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

केवी बांका, बिहार का भवन

1137. **श्री गिरिधारी यादव:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार के बांका जिले में स्थापित केन्द्रीय विद्यालय के पास भूमि उपलब्ध होने के बावजूद कोई भवन नहीं है;

(ख) क्या सरकार का उस भूमि पर भवन बनाने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) केंद्रीय विद्यालयों (केवि) के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) के पक्ष में अंतरण/पट्टे की औपचारिकताओं को पूरा करना, निर्माण एजेंसी द्वारा ड्राइंग/अनुमान प्रस्तुत करना, निधियों की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करता है। केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवि बांका, बिहार को वर्ष 2004-2005 में बिहार राज्य सरकार के प्रायोजकता के अंतर्गत सिविल क्षेत्र में खोला गया था। अक्टूबर, 2022 में स्थायी स्कूल भवन के निर्माण के लिए 4.00 एकड़ भूमि केविसं के नाम पर अंतरित की गई है। फरवरी, 2024 में स्थायी स्कूल भवन के निर्माण का कार्य सीपीडब्ल्यूडी को सौंपा गया है।

*****